न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :— श्री अनिल कुमार आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या — 192 / 2023

उनवान

1. सला पुत्र मजीद निवासी गागरिया तहसील रामसर। 2. जिमू पत्नि सुवाला निवासी देताणी तहसील गडरारोड़।	बनाम	1. तहसीलदार रामसर। 2. पठानी पत्नि पुरा जाति जोगी निवासी बुठिया तहसील रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 राज0भू0राज0 अधिनियम

आदेश दिनांक 04.1.2024

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि मौजा बुठिया पटवार मण्डल बुठिया में खसरा संख्या 428 में स्थित है। उक्त खसरे में प्रार्थीगण की भूमि खसरा संया 781 / 428 रकबा 5.0747 हेक्टयर तथा विप्रार्थी संख्या 2 का खसरा संख्या 838 / 428 रकबा 5.0667 थे उसी अनुसार कब्जा काश्त है लेकिन तहसील ऑनलाइन करते समय प्रार्थी का खसरा संख्या 838 / 428 में विप्रार्थी का खसरा संख्या 781 / 428 की तरमीम अंकित कर दिया जिसे दुरस्त हेत दिनांक 03.12.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया। पत्रावली को अवलोकन किया गया।

पत्रावली के अवलोकन एवं समस्त दस्तावेज़ों के अध्ययन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा बुठिया पटवार मण्डल बुठिया के खसरा संख्या 838 / 428 में तरमीम दुरस्त की जाकर खसरा संख्या 781 / 428 तथा 781 / 428 के स्थान पर 838 / 428 अंकित करने के आदेश प्रदान किये जाते है खातेदार एवं रकबा पूर्व अनुसार यथावत रहेगा।

तहसीलदार रामसर को तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है। संलग्न नक्शा परिशिष्ट अ इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

यह आदेश आज दिनांक 11.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
दिनांक 04.12.2024

उपखण्ड अधिकारी
रामसर

क्रमांक : रीडर / 2024 / 3781-83

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार रामसर।
2. प्रार्थी सला पुत्र मजीद निवासी गागरिया तहसील रामसर वगेराह।
3. विप्रार्थीगण पत्नि पुरा जाति जोगी निवासी वगेराह।

उपखण्ड अधिकारी, रामसर

उपखण्ड अधिकारी
रामसर